# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 11.8.22 | 2 | 5-6 |

## एचएयू में साइकिलों पर तिरंगा यात्रा




**हिसार** | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को साइकलों पर तिरंगा यात्रा निकाली। कुलसचिव डॉ. एस.के. महता ने झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. पाहुजा के नेतृत्व में आयोजित किए गए कार्यक्रम में महाविद्यालय के वैज्ञानिकों व कर्मचारियों ने बहुत उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, डीन पीजीएस डॉ. के.डी. शर्मा, कुलपति सचिव कपिल अरोड़ा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, मुख्य सुरक्षा अधिकारी सुखबीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 11.8.22 | 2 | 4 |

## हकृवि में साइकिलों पर निकाली गई तिरंगा यात्रा



*तिरंगा यात्रा को झंडी दिखाते कुलसचिव डॉ. एस.के. महता।*

**हिसार (ब्यूरो):** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज साइकलों पर तिरंगा यात्रा निकाली। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एस.के. महता ने झंडी दिखाकर इस यात्रा को रवाना किया।

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. पाहुजा के नेतृत्व में यह तिरंगा यात्रा कृषि महाविद्यालय से आरम्भ होकर लक्ष्मी बाई चौक, नागोरी गेट, बस स्टैंड, पड़ाव चौक, जहाज पुल, पुरानी सब्जी मंडी, कैंप चौक व फव्वारा चौक होते हुए विश्वविद्यालय परिसर पंहुची।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 11.8.22 | 4 | 1-2 |

# कृषि विश्वविद्यालय में साइकिलों पर निकाली गई तिरंगा यात्रा

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के कृषि महाविद्यालय ने बुधवार को साइकिलों पर तिरंगा यात्रा निकाली। कुलसचिव डा. एसके महता ने झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। कुलसचिव ने कहा कि देशवासियों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना जगाने के लिए 13 से लेकर 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. एसके पाहुजा के नेतृत्व में महाविद्यालय के विज्ञानियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। यह तिरंगा यात्रा कृषि कालेज से होकर लक्ष्मी बाई चौक, नागौरी गेट, बस स्टैंड, पड़ाव चौक, जहाज पुल, पुरानी सब्जी मंडी, कैंप चौक व फव्वारा चौक होते हुए विश्वविद्यालय परिसर पंहुची। इस दौरान ओएसडी डा. अतुल ढींगड़ा, डीन पीजीएस डा. केडी शर्मा, कुलपति सचिव कपिल अरोड़ा, मीडिया एडवाइजर डा. संदीप आर्य, मुख्य सुरक्षा अधिकारी सुखबीर सिंह आदि उपस्थित रहे। मौलिक विज्ञान महाविद्यालय में फहराया गया तिरंगा विवि के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में भी हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. नीरज कुमार ने कालेज प्रांगण में तिरंगा फहराया, जिसमें शिक्षकों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसके बाद प्रत्येक विभागाध्यक्ष ने भी अपने विभाग ने तिरंगा फहराया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 12.8.22 | 2 | 5-7 |

# एचएयू के पदाधिकारियों ने तिरंगा अभियान के प्रति किया जागरूक




अभियान के तहत जागरूकता रैली निकालते हुए एचएयू के विवि के अधिकारी एवं कर्मचारीगण।

भास्कर न्यूज| हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय की ओर से गांव टोकस-पातन में हर घर तिरंगा अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के दिशा-निर्देश व महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के पारिवारिक संसाधन प्रबंधन विभाग की प्रो. डॉ. किरण सिंह एवं खाद्य एवं पोषण विभाग की डॉ. वीनू सांगवान ने किया। अभियान के तहत ग्रामीणों को आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया गया। रैली में राजकीय कन्या उच्च विद्यालय टोकस-पातन की छात्राओं, शिक्षकों व ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय ने नंगथला गांव में तिरंगा यात्रा निकाली और गांव वासियों को 13 से 15 अगस्त तक घरों पर तिरंगा लगाने के साथ तिरंगे को सही ढंग से फहराने के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर गांव में पौधरोपण भी किया गया। अनेक विभागों ने निकाली तिरंगा यात्रा विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशालय, जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, सम्पदा अधिकारी एवं मुख्य अभियंता कार्यालय, नेहरू पुस्ताकालय, किसान सेवा केन्द्र, मत्स्य महाविद्यालय, कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय और रामधन सिंह बीज ने भी अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित करके हर घर तिरंगा अभियान के प्रति लोगों को जागरूक किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दै लो हिसार | 11.8.2022 | -- | -- |

# चौ.च.सिं. हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में साइकलों पर निकाली गई तिरंगा यात्रा

हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज साइकलों पर तिरंगा यात्रा निकाली। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एस.के. महता ने झंडी दिखाकर इस यात्रा को रवाना किया। इस अवसर पर कुलसचिव ने कहा कि देशवासियों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना जगाने के लिए 13 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है।



विश्वविद्यालय की ओर से भी अपने कर्मचारियों व स्थानीय लोगों को तिरंगा यात्राओं के माध्यम से 13 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने घर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. पाहुजा के नेतृत्व में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के वैज्ञानिकों व कर्मचारियों ने बहुत उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह तिरंगा यात्रा कृषि महाविद्यालय से आरम्भ होकर लक्ष्मी बाई चौक, नगौरी गेट, बस स्टैंड, पड़ाव चौक, जहाज पुल, पुरानी सब्जी मंडी, कैंप चौक व फव्वारा चौक होते हुए विश्वविद्यालय परिसर पंहुची। तिरंगा यात्रा के समापन पर डॉ. पाहुजा ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज देश के गौरव का प्रतीक है। इसकी गरिमा को बनाए रखना हर देशवासी का दायत्व है।

## वैज्ञानिकों व कर्मचारियों ने लिया उत्साहपूर्वक भाग

इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, डीन पीजीएस डॉ. के.डी. शर्मा, कुलपति सचिव कपिल अरोड़ा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, मुख्य सुरक्षा अधिकारी सुखबीर सिंह आदि उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में भी हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार ने महाविद्यालय प्रांगण में तिरंगा फहराया जिसमें शिक्षकों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हिन्दुस्थान समाचार | 11.8.2022 | -- | -- |

## हिसारः हर घर तिरंगा अभियान के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने निकले एचएयू अधिकारी

11 Aug 2022 18:26:56



हिसार, 11 अगस्त (हि.स.)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय की ओर से गुरुवार को गांव टोकस-पातन में हर घर तिरंगा अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के निर्देशों पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार के नेतृत्व में किया गया।

कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के पारिवारिक संसाधन प्रबंधन विभाग की प्रो. डॉ. किरण सिंह एवं खाद्य एवं पोषण विज्ञान की डॉ. वीनू सांगवान ने किया। अभियान के तहत ग्रामीणों को आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया गया। रैली में राजकीय कन्या उच्च विद्यालय टोकस-पातन की छात्राओं, शिक्षकों व ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय ने नंगथला गांव में तिरंगा यात्रा निकाली और गांववासियों को 13 से 15 अगस्त तक घरों पर तिरंगा लगाने के साथ तिरंगे को सही ढंग से फहराने के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर गांव में पौधारोपण भी किया गया। विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशालय, जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, संपदा अधिकारी एवं मुख्य अभियंता कार्यालय, नेहरू पुस्तकालय, किसान सेवा केन्द्र, मत्स्य महाविद्यालय, कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय और राजधान सिंह बीज ने भी अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित करके हर घर तिरंगा अभियान के प्रति लोगों को जागरूक किया और उन्हें 13 से 15 अगस्त तक घरों पर सम्मानपूर्वक राष्ट्रीय ध्वज को फहराने की अपील की।

हिन्दुस्थान समाचार/राजेश्वर/संजीव



11 Aug 202
सोनीपत: सो


11 Aug 202
पंचकूला: बा


11 Aug 202
नारनौल: डा

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हिन्दुस्थान समाचार | 10.8.2022 | -- | -- |

## हिसार : एचएयू में साइकलों पर निकाली गई तिरंगा यात्रा

10 Aug 2022 18:48:37



वैज्ञानिकों व कर्मचारियों ने लिया उत्साहपूर्वक भाग

हिसार, 10 अगस्त (हि.स.)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज साइकलों पर तिरंगा यात्रा निकाली। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एसके महता ने बुधवार को झंडी दिखाकर इस यात्रा को रवाना किया।

इस अवसर पर कुलसचिव ने कहा कि देशवासियों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना जगाने के लिए 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। विश्वविद्यालय की ओर से भी अपने कर्मचारियों व स्थानीय लोगों को तिरंगा यात्राओं के माध्यम से 13 से 15 अगस्त तक अपने घर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा के नेतृत्व में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के वैज्ञानिकों व कर्मचारियों ने बहुत उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह तिरंगा यात्रा कृषि महाविद्यालय से आरंभ होकर लक्ष्मीबाई चौक, नागोरी गेट, बस स्टैंड, पड़ाव चौक, महाजनपुरा, पुरानी सब्जी मंडी, कैंप चौक व फव्वारा चौक होते हुए विश्वविद्यालय परिसर पहुंची। तिरंगा यात्रा के समापन पर डॉ. पाहुजा ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज देश के गौरव का प्रतीक है। इसकी गरिमा को बनाए रखना हर देशवासी का दायित्व है।

इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, डीन पीजीएस डॉ. केडी शर्मा, कुलपति सचिव कपिल अरोड़ा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, मुख्य सुरक्षा अधिकारी सुखबीर सिंह आदि उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में भी हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार ने महाविद्यालय प्रांगण में तिरंगा फहराया जिसमें शिक्षकों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके उपरांत प्रत्येक विभागाध्यक्ष ने भी अपने विभाग में तिरंगा फहराया।

हिन्दुस्थान समाचार/राजेश्वर

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा | 10.8.2022 | -- | -- |

## चौ.च.सिं. हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में साइकलों पर निकाली गई तिरंगा यात्रा

समस्त हरियाणा न्यूज

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज साइकलों पर तिरंगा यात्रा निकाली। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एस.के. महता ने झंडी दिखाकर इस यात्रा को रवाना किया। इस अवसर पर कुलसचिव ने कहा कि देशवासियों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना जगाने के लिए 13 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। विश्वविद्यालय की ओर से भी अपने कर्मचारियों व स्थानीय लोगों को तिरंगा यात्राओं के माध्यम से 13 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने घर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. पाहुजा के नेतृत्व में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के वैज्ञानिकों व कर्मचारियों ने बहुत उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह तिरंगा यात्रा कृषि महाविद्यालय से आरम्भ होकर लक्ष्मी बाई चौक, नागोरी गेट, बस स्टैंड, पड़ाव चौक, जहाज पुल, पुरानी सब्जी मंडी, कैंप चौक व कल्याण चौक होते हुए विश्वविद्यालय परिसर पहुंची। तिरंगा यात्रा के समापन पर डॉ. पाहुजा ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज देश के गौरव का प्रतीक है। इसकी गरिमा को बनाए रखना हर देशवासी का दायित्व है। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, डीन पीजीएस डॉ. के.डी. शर्मा, कुलपति सचिव कपिल अरोड़ा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, मुख्य सुरक्षा अधिकारी सुखबीर सिंह आदि उपस्थित रहे। मौलिक विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में भी हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार ने महाविद्यालय प्रांगण में तिरंगा फहराया जिसमें शिक्षकों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों




ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके उपरान्त प्रत्येक विभागाध्यक्ष ने भी अपने विभाग में तिरंगा फहराया। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत आज विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल में अंतर-सदनीय प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं में स्कूल के सभी पांच सदनों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस मौके पर स्कूल प्रांगण में तिरंगा भी फहराया गया और विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। बच्चों ने ऊंचे स्वर में देश भक्ति के नारे लगाए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स | 10.8.2022 | -- | -- |

# हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने निकाली तिरंगा यात्रा




**चिराग टाइम्स न्यूज**

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज साइकलों पर तिरंगा यात्रा निकाली। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एस.के. महता ने झंडी दिखाकर इस यात्रा को रवाना किया।

इस अवसर पर कुलसचिव ने कहा कि देशवासियों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना जगाने के लिए 13 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। विश्वविद्यालय की ओर से भी अपने कर्मचारियों व स्थानीय लोगों को तिरंगा यात्राओं के माध्यम से 13 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने घर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. पाहुजा के नेतृत्व में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के वैज्ञानिकों व कर्मचारियों ने बहुत उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह तिरंगा यात्रा कृषि महाविद्यालय से आरम्भ होकर लक्ष्मी बाई चौक, नगौरी गेट, बस स्टैंड, पड़ाव चौक, जहाज पुल, पुरानी सब्जी मंडी, कैंप चौक व फव्वारा चौक होते हुए विश्वविद्यालय परिसर पंहुची। तिरंगा यात्रा के समापन पर डॉ. पाहुजा ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज देश के गौरव का प्रतीक है। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, डीन पीजीएस डॉ. के.डी. शर्मा, कुलपति सचिव कपिल अरोड़ा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, मुख्य सुरक्षा अधिकारी सुखबीर सिंह आदि उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में भी हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार ने महाविद्यालय प्रांगण में तिरंगा फहराया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ.छोर | 11.8.2022 | -- | -- |

## टोकस, पातन व नंगथला में निकाली तिरंगा रैली



हिसार/ 11 अगस्त/ रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय की ओर से गांव टोकस-पातन में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के पारिवारिक संसाधन प्रबंधन विभाग की प्रो. डॉ. किरण सिंह एवं खाद्य एवं पोषण विभाग की डॉ. वीनू सांगवान ने किया। अभियान के तहत ग्रामीणों को आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया गया। रैली में राजकीय कन्या उच्च विद्यालय टोकस-पातन की छात्राओं, शिक्षकों व ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय ने नंगथला गांव में तिरंगा यात्रा निकाली। इस अवसर पर गांव में पौधारोपण भी किया गया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा | 11.8.2022 | -- | -- |

## चौ.च.सिं. हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने गांववासियों को हर घर तिरंगा अभियान के प्रति किया जागरूक

**हिसार ( समस्त हरियाणा न्यूज )।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय की ओर से गांव टोकस-पातन में हर घर तिरंगा अभियान के तहत



जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर.काम्बोज के दिशानिर्देष व महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के पारिवारिक संसाधन प्रबंधन विभाग की प्रो. डॉ. किरण सिंह एवं खाद्य एवं पोषण विभाग की डॉ. वीनू सांगवान ने किया। अभियान के तहत ग्रामीणों को आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया गया। रैली में राजकीय कन्या उच्च विद्यालय टोकस-पातन की छात्राओं, शिक्षकों व ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशालय, जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, सम्पदा अधिकारी एवं मुख्य अभियंता कार्यालय, नेहरू पुस्तकालय, किसान सेवा केन्द्र, मत्स्य महाविद्यालय, कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय और रामधन सिंह बीज ने भी अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित करके हर घर तिरंगा अभियान के प्रति लोगों को जागरूक किया और उन्हे 13 से 15 अगस्त तक घरों पर सम्मानपूर्वक राष्ट्रीय ध्वज को फहराने की अपील की।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ: छोर | 10.8.2022 | -- | -- |

## राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा बनाए रखना हर देशवासी का दायित्व: डॉ. पाहुजा

हिसार/ 10 अगस्त/ रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज साइकलों पर तिरंगा यात्रा निकाली। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एसके महता ने झंडी दिखाकर इस यात्रा को रवाना किया। इस अवसर पर कुलसचिव ने कहा कि देशवासियों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना जगाने के लिए 13 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा के नेतृत्व में आयोजित किए गए इस




कार्यक्रम में महाविद्यालय के वैज्ञानिकों व कर्मचारियों ने भाग लिया। यह तिरंगा यात्रा कृषि महाविद्यालय से आरम्भ होकर लक्ष्मी बाई चौक, नागौरी गेट, बस स्टैंड, पड़ाव चौक, जहाज पुल, पुरानी सब्जी मंडी, कैंप चौक व फव्वारा चौक होते हुए विश्वविद्यालय परिसर पहुंची। तिरंगा यात्रा के समापन पर डॉ. पाहुजा ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज देश के गौरव का प्रतीक है। इसकी गरिमा को बनाए रखना हर देशवासी का दायित्व है। इस अवसर पर डॉ. अतुल ढींगड़ा, डॉ. केडी शर्मा, कपिल अरोड़ा, डॉ. संदीप आर्य, सुखबीर सिंह आदि उपस्थित रहे। वहीं विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में भी हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार ने महाविद्यालय प्रांगण में तिरंगा फहराया। इसके उपरान्त प्रत्येक विभागाध्यक्ष ने भी अपने विभाग में तिरंगा फहराया। इस दौरान विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल में अंतर-सदनीय प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं में स्कूल के सभी पांच सदनों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस मौके पर स्कूल प्रांगण में तिरंगा भी फहराया गया और विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। बच्चों ने ऊंचे स्वर में देश भक्ति के नारे लगाए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 11.8.22 | 4 | 1-5 |


सलाह • एचएयू के वैज्ञानिक प्रदेश के किसानों को दे रहे फसलों में रोगों से बचाव की सलाह

# अच्छी पैदावार के लिए अगस्त में ज्वार, बाजरा और लोबिया की फसल में देखभाल के साथ उर्वरक डालें

महबूब अली | हिसार

अगस्त माह में ज्वार, बाजरा, लोबिया आदि फसलों की देखभाल बहुत ही जरूरी है। थोड़ी सी देखभाल से फसलों को रोगों से ग्रस्त होने से बचाया जा सकता है।

एचएयू के चारा अनुभाग, अनुवांशिकी एवं पौध प्रजनन विभाग के वैज्ञानिक प्रदेश के किसानों को फसलों को रोगों से ग्रस्त होने बचाने को टिप्स दे रहे हैं। एचएयू के कुलपति प्रोफेसर बीआर कम्बोज का कहना है कि किसानों को गोष्ठी के माध्यम से भी जानकारी दी जा रही है।

उन्होंने बताया कि किसानों को फसलों में बारिश के मौसम में बिमारियों की जानकारी व उनसे बचाव के टिप्स दिए। उन्होंने बताया कि बाजरे की फसल में बिजाई के दौरान 44 किलो यूरिया और ज्वार व लोबिया की फसलों की बिजाई के दौरान 20 व 10 किलो नाइट्रोजन उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिए।

## चारे को अधिक पौष्टिक बनाने के लिए बाजरे के साथ लोबिया मिलाकर बिजाई करें

### 45 दिन बाद ज्वार की करें कटाई

ज्वार में सिंचित इलाकों में 20 किलोग्राम नाइट्रोजन बिजाई के समय तथा 10 किलोग्राम नाइट्रोजन प्रति एकड़ बिजाई के एक माह बाद भी डालें। कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ एस के पाहुजा के अनुसार, मल्टी कट ज्वार की किस्में (एस. एस. जी 59-3 )हमें नवंबर महीने तक हरा चारा दे सकती है। मल्टी कट ज्वार को 45 दिनों के अंतराल पर काट लें। यदि पर्याप्त वर्षा न हो तो प्रत्येक कट के बाद सिंचाई करें।



ज्वार की फसल का फाइल फोटो

- **खरपतवार प्रबंधन :** ज्वार उगने के 15-20 दिन बाद या पहली सिंचाई के बाद निराई-गुड़ाई करें, दूसरी गुड़ाई बरसात में जब खरपतवारों का प्रकोप बढ़ जाए तब करें। इससे खरपतवार नियन्त्रण में रहते हैं तथा जमीन में नमी भी बनी रहती है।

- **कटाई प्रबंधन:** चारा विभाग के वैज्ञानिक डॉ. सतपाल ने बताया कि एक कटाई वाली किस्मों की कटाई फूल आने पर करें जबकि अनेक कटाई वाली ज्वार में पहली कटाई बुवाई के 55-60 दिन बाद और इसके बाद प्रत्येक कटाई 40-45 दिन बाद करें।

### 50-55 दिन में कटाई को तैयार होता है बाजरा

- **उर्वरक प्रबंधन:** बाजरे की बुवाई के एक माह बाद 22 किलो यूरिया डालें। कम फास्फोरस वाले रेतीले मिट्टी वाले क्षेत्रों में बुवाई के समय 6 किलो फास्फोरस/एकड़ का प्रयोग किया जा सकता है। यह बुवाई के 50-55 दिनों के बाद कटाई के लिए तैयार हो जाता है। इससे प्रति एकड़ लगभग 160 क्विंटल हरा चारा मिलता है। चारे को अधिक पौष्टिक बनाने के लिए बाजरे के साथ लोबिया मिलाकर बोना चाहिए।



### नाइट्रोजन की अधिक आवश्यकता नहीं

उर्वरक दलहनी फसल होने के कारण, लोबिया में नाइट्रोजन की अधिक आवश्यकता नहीं होती। बिजाई से पहले सिंचित इलाकों में 25 किलोग्राम फास्फोरस तथा बारानी क्षेत्रों में 12 किलोग्राम फास्फोरस पोरा या ड्रिल से डालें। मिश्रित खेती में उर्वरक फसल की सिफारिश के अनुपात में ही डालें।



निराई-गुड़ाई: गर्मी में बोई गई फसल में एक निराई-गुड़ाई पहली सिंचाई करने के बाद करनी चाहिए।